**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 433**

**उत्तर देने की तारीख : 25.03.2021**

**इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के अंतर्गत लाभार्थी**

***433. डॉ. वीरेन्द्र कुमार:**
**कुमारी प्रतिमा भौमिक:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या पात्र एवं कोविड से प्रभावित एमएसएमई को ईसीएलजीएस के अंतर्गत प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन एमएसएमई स्वामियों की संख्या कितनी है जो अपने वर्तमान ऋणों को नियमित करने एवं अपने कारोबार में पुन:निवेश करने के लिए संपत्तियां बेच रहे हैं;

(घ) क्या एमएसएमई को पूंजीगत लाभ कर से छूट प्रदान करने हेतु कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री नितिन गडकरी)**

**(क) से (ङ) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।**

**<u>लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *433, जिसका उत्तर दिनांक 25.03.2021 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>**

(क) और (ख) : आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) का कार्यान्वयन वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाता है। डीएफएस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की वैयक्तिक श्रेणियों में आने वाले लाभार्थियों की संख्या और उनकी राज्य-वार स्थिति का ब्यौरा अनुबंध-I और अनुबंध-II के रूप में संलग्न है।

सरकार ने एसएमए-0 तथा एसएमए-1 के रूप में वर्गीकृत खातों के लिए एमएसएमई सहित संबंधित व्यवसाय के लिए आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के अंतर्गत 3 लाख करोड़ रुपए के कोलेट्रल मुक्त ऑटोमेटिक ऋण की घोषणा की है। तथापि, सरकार ने दबावग्रस्त एमएसएमई अर्थात एसएमए-2 तथा एनपीए खातों वाले एमएसएमई, जो भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार पुनर्गठन हेतु पात्र हैं, के प्रमोटरों के लिए अधीनस्थ ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएसडी) की भी घोषणा की है। इस स्कीम में एमएसएमई के पुनर्गठन के संबंध में अधीनस्थ ऋण सहयोग प्रदान करने हेतु सीजीएसएसडी के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज स्कीम/न्यास से प्राप्त होगी तथा शेष 10 प्रतिशत संबंधित प्रमोटर (प्रमोटरों) से प्राप्त होगी। इस स्कीम का उद्देश्य दबावग्रस्त एमएसएमई को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने हेतु उसकी पुनर्संरचना के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार पुनर्गठन हेतु पात्र व्यवसाय में इक्विटी/अर्द्ध इक्विटी के रूप में समावेशन हेतु दबावग्रस्त एमएसएमई के प्रमोटरों को बैंकों के जरिए व्यक्तिगत ऋण प्रदान करना है।

एमएसएमई मंत्रालय की अन्य जारी स्कीमों अर्थात गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के सृजन हेतु प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों को कोलेट्रल मुक्त ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीटीएमएसई), एमएसई के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु क्रेडिट-लिंक्ड पूंजीगत सब्सिडी प्रौद्योगिकी उन्नयन स्कीम (सीएलसीएस-टीयूएस) तथा एमएसएमई के लिए वृद्धिपरक ऋण हेतु ब्याज में छूट संबंधी स्कीम का भी कार्यान्वयन किया जा रहा है। पात्र इकाइयां इन स्कीमों के अंतर्गत भी लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

(ग) से (ङ) : मौजूदा ऋणों को नियमित करने के लिए अपनी संपत्तियों को बेचने वाले एमएसएमई स्वामित्वधारकों तथा व्यवसाय में पुन: निवेश करने वाले ऐसे स्वामित्वधारकों की संख्या का ब्यौरा एमएसएमई मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है और अभी एमएसएमई को पूंजीगत लाभ कर से छूट प्रदान करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

# लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 433, जिसका उत्तर दिनांक 25.03.2021 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध- I

| दिनांक 28.02.2021 तक की स्थिति के अनुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की वैयक्तिक श्रेणियों में स्कीम के अंतर्गत जारी की गई गारंटियों का ब्यौरा | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण राशि का समूह | 5 लाख रुपए तक | | 5 लाख रुपए से ऊपर और 10 लाख रुपए तक | | 10 लाख रुपए से ऊपर और 25 लाख रुपए तक | | 25 लाख रुपए से ऊपर | | कुल | |
| | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) |
| वैयक्तिक संघटन | 415406 | 6404.91 | 43587 | 2946.23 | 16359 | 2481.52 | 6511 | 3439.09 | 481863 | 15271.75 |

| ऋण राशि का समूह | 5 लाख रुपए तक | | 5 लाख रुपए से ऊपर और 10 लाख रुपए तक | | 10 लाख रुपए से ऊपर और 25 लाख रुपए तक | | 25 लाख रुपए से ऊपर | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संस्थावार आंकड़ा | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) |
| सूक्ष्म | 7854215 | 22949.44 | 100243 | 7348.75 | 58489 | 9252.15 | 31861 | 19844.38 | 8044808 | 59394.72 |
| लघु | 263923 | 4507.43 | 60290 | 4398.67 | 48332 | 7880.68 | 54334 | 42873.58 | 426879 | 59660.36 |
| मध्यम | 245003 | 2086.43 | 9093 | 636.24 | 6733 | 1108.55 | 17694 | 29372.02 | 278523 | 33203.24 |

(दिनांक 28-02-2021 तक की स्थिति के अनुसार)

स्रोत : एनसीजीटीसी

## लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 433, जिसका उत्तर दिनांक 25.03.2021 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध- II

### दिनांक 28.02.2021 तक की स्थिति के अनुसार आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के अंतर्गत जारी की गई गारंटियों का राज्य-वार ब्यौरा

| | 5 लाख रु. तक | | 5 लाख रुपए से ऊपर और 10 लाख रुपए तक | | 10 लाख रुपए से ऊपर और 25 लाख रुपए तक | | 25 लाख रुपए से ऊपर | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का नाम | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटी की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रुपए में) |
| अंडमान और निकोबार | 1672 | 22.33 | 123 | 9.42 | 78 | 12.71 | 78 | 50.74 | 1951 | 95.2 |
| आंध्र प्रदेश | 227377 | 1290.92 | 9571 | 702.96 | 6411 | 1035.12 | 5361 | 4880.57 | 248720 | 7909.57 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1971 | 22.05 | 98 | 7.37 | 47 | 7.88 | 43 | 31.52 | 2159 | 68.82 |
| असम | 523723 | 1125.71 | 2418 | 172.87 | 1229 | 198.19 | 1305 | 965.33 | 528675 | 2462.1 |
| बिहार | 635256 | 1694.31 | 5144 | 366.7 | 2138 | 333.78 | 1399 | 1218.81 | 643937 | 3613.6 |
| चंडीगढ़ | 4821 | 51.3 | 464 | 35.44 | 440 | 72.46 | 581 | 661.44 | 6306 | 820.64 |
| छतीसगढ़ | 126393 | 647.46 | 4470 | 320.09 | 2873 | 460.29 | 2499 | 2344.69 | 136235 | 3772.53 |
| दादरा और नगर हवेली | 1695 | 16.08 | 130 | 9.07 | 77 | 12.13 | 126 | 175.16 | 2028 | 212.44 |
| दमन और दीव | 633 | 7.86 | 83 | 6.53 | 77 | 12.2 | 101 | 94.82 | 894 | 121.41 |
| दिल्ली | 67002 | 704.88 | 7005 | 518.83 | 6541 | 1070.35 | 8384 | 10589.65 | 88932 | 12883.71 |
| गोवा | 10397 | 86.63 | 481 | 35.69 | 348 | 55.9 | 384 | 463.27 | 11610 | 641.49 |
| गुजरात | 239500 | 1753.89 | 17124 | 1239.4 | 14298 | 2288.27 | 14007 | 14907.83 | 284929 | 20189.39 |
| हरियाणा | 131946 | 1061.73 | 9783 | 717.09 | 7101 | 1138.5 | 6540 | 7013.79 | 155370 | 9931.11 |
| हिमाचल प्रदेश | 43179 | 367.86 | 1380 | 101.1 | 708 | 114.4 | 770 | 828.9 | 46037 | 1412.26 |
| जम्मू और कश्मीर | 61281 | 669.97 | 2753 | 198.51 | 1647 | 258.72 | 936 | 742.6 | 66617 | 1869.8 |
| झारखंड | 231901 | 857.17 | 3965 | 279.81 | 1715 | 269.01 | 1260 | 1110.33 | 238841 | 2516.32 |
| कर्नाटक | 419329 | 1926.49 | 12155 | 887.87 | 8705 | 1408.03 | 8657 | 9961.55 | 448846 | 14183.94 |
| केरल | 382230 | 1217.39 | 7380 | 552.23 | 5428 | 881.81 | 5007 | 4699.07 | 400045 | 7350.5 |
| लद्दाख | 880 | 10.03 | 36 | 2.55 | 35 | 5.8 | 44 | 24.84 | 995 | 43.22 |
| लक्षद्वीप | 368 | 1.79 | | | | | | | 368 | 1.79 |
| मध्य प्रदेश | 356932 | 1650.02 | 8773 | 638.12 | 5457 | 865.84 | 4625 | 4091.04 | 375787 | 7245.02 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 743553 | 3198.36 | 22041 | 1604.22 | 16957 | 2732.04 | 19535 | 25394.92 | 802086 | 32929.54 |
| मणिपुर | 9628 | 39.83 | 202 | 14.33 | 92 | 14.35 | 59 | 43.17 | 9981 | 111.68 |
| मेघालय | 10758 | 49.44 | 164 | 11.87 | 81 | 12.8 | 80 | 78.15 | 11083 | 152.26 |
| मिजोरम | 3454 | 18.95 | 108 | 8.11 | 53 | 9.01 | 26 | 15.49 | 3641 | 51.56 |
| नागालैंड | 7031 | 23.68 | 87 | 6.34 | 35 | 5.92 | 34 | 21.16 | 7187 | 57.1 |
| ओड़िशा | 840505 | 1492.26 | 7448 | 518.94 | 2996 | 466.11 | 2116 | 1854.77 | 853065 | 4332.08 |
| पुदुचेरी | 10782 | 51.36 | 412 | 30.37 | 279 | 45.76 | 268 | 219.07 | 11741 | 346.56 |
| पंजाब | 168094 | 1053.52 | 9297 | 684.15 | 6110 | 970.97 | 4970 | 4561.87 | 188471 | 7270.51 |
| राजस्थान | 268550 | 1994.59 | 14537 | 1048.73 | 9751 | 1557.37 | 7973 | 6731.61 | 300811 | 11332.3 |
| सिक्किम | 8152 | 36.56 | 64 | 4.59 | 50 | 7.97 | 41 | 44.47 | 8307 | 93.59 |
| तमिलनाडु | 502518 | 2812.97 | 21782 | 1611.48 | 15588 | 2522.38 | 14996 | 15810.19 | 554884 | 22757.02 |
| तेलंगाना | 110536 | 1074.06 | 8383 | 606.47 | 5392 | 861.36 | 6034 | 6641.99 | 130345 | 9183.88 |
| त्रिपुरा | 60042 | 139.43 | 313 | 22.97 | 157 | 24.66 | 89 | 53.15 | 60601 | 240.21 |
| उत्तर प्रदेश | 614957 | 3272 | 15474 | 1131.74 | 9265 | 1486.23 | 8608 | 8192.68 | 648304 | 14082.65 |
| उत्तराखंड | 61384 | 411.7 | 1898 | 141.53 | 1285 | 211.05 | 1383 | 1173.63 | 65950 | 1937.91 |
| पश्चिम बंगाल | 1861047 | 3230.41 | 9078 | 652.62 | 5236 | 837.45 | 6352 | 7581.94 | 1881713 | 12302.42 |
| **कुल** | **8749477** | **34084.99** | **204624** | **14900.11** | **138680** | **22266.82** | **134671** | **143274.21** | **9227452** | **214526.13** |